# पॉलिटेक्निक कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता राघवोत्सव शुरू




**पत्रिका @ जोधपुर.** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता राघवोत्सव मंगलवार से शुरू हुई। सात दिवसीय राघवोत्सव के प्रथम दिन कबड्डी, वालीबॉल, क्रिकेट, रस्साकशी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेस, कैरम और एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई।

राघवोत्सव का शुभारम्भ विधायक अतुल भंसाली और युवा छात्र नेता मनीष शर्मा ने किया। भंसाली ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में अच्छे संस्कारों को स्वयं में विकसित कर एक अच्छे नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। भंसाली ने क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान अंशु सहगल ने की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के उत्कृष्ट व मर्यादा पुरूषोत्तम चरित्र को अपने जीवन में अपनाकर बेहतर नागरिक बनना चाहिए। सभी छात्रों को खेल भावना में प्रतिस्पर्धा कर अच्छे खिलाड़ी का परिचय देना चाहिए। डॉ. शालिनी गर्ग, टीआर राठौड़, मुरलीधर वर्मा ने विचार रखे। डॉ. अजय माथुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम राघवोत्सव का हुआ शुभारम्भ

सवसिटी सुपरफास्ट न्यूज

**जोधपुर। राजकीय पौलीटेक्निक महाविद्यालय जोधपुर में दिनांक 20 फरवरी 2024 को राघवोत्सव का शानदार शुभारम्भ श्री अतुल भंसाली माननीय विधायक जोधपुर शहर के मुख्य आथित्य के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में युवा छात्र नेता मनीष शर्मा जी भी अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।**





मुख्य अतिथि श्री अतुल भंसाली ने अपने उद्बोधन में बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर में "स्टेट ऑफ आर्ट" के तहत् छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए स्कील डवलपमेंट और सेल्फ एम्पलॉयमेंट के पाठ्यक्रम प्रारम्भ कर जोधपुर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय को राजस्थान का सबसे बड़ा सेन्टर बनाये जाने के प्रयास किये जाने चाहिए, ताकि पश्चिमी राजस्थान के छात्रों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होने संस्था प्रधान श्री अंशु कुमार सहगल सहित समस्त अधिकारियों एवं छात्रों को आश्वासन दिया कि इसके लिए मैं स्वयं राज्य सरकार से भर्तसक प्रयत्न कर इस कार्य में सहयोग करूँगा। छात्रों को सुझाव दिया कि जीवन में अच्छे संस्कारों को स्वयं में विकसित कर एक अच्छे नागरिक बनने का प्रयास करें, और अंत में श्री अतुल भंसालीजी ने क्रिकेट मैदान में जाकर क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के कार्यक्रम के शुभारम्भ का आगाज किया। इस समय संस्थान के लगभग 650 छात्र–छात्राऐं व अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान प्रधान श्री अंशु सहगल जी ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए भगवान श्रीराम के उत्कृष्ठ व मर्यादा पुरूषोत्तम चरित्र को अपने जीवन में अपनाकर उत्कृष्ट नागरिक बने एवं अपना, अपने संस्थान का और देश का नाम रोशन करें, उन्होनें ने बताया कि जिस तरह से संस्थान के सभी छात्र शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं उसी तरह सभी छात्रों को खेल भावना में प्रतिस्पर्धा कर अच्छे खिलाड़ी का परिचय दें एवं आगामी राज्य स्तरी प्रतियोगिता में संस्थान का नाम रोशन करें। अंत में उन्होनें सभी का उत्साहवर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वति व भगवान श्रीरामलल्ला का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर मुख्य अतिथि व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए समस्त अतिथियों का स्वागत व परिचय डॉ. शालिनी गर्ग द्वारा दिया गया एवं श्री टी. आर. राठौड़ सहायक निदेशक द्वारा श्रीरामचरित मानस की उत्कृष्ट चौपाईयों का गायन कर सभी को अभिभूत करते हुए पूरे कार्यक्रम को राममय बनाकर सभी छात्रों व उपस्थित शिक्षकगणों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री मुरलीधर वर्मा द्वारा "राम आयेगें, आयेगें राम आयेगें" भजन प्रस्तुत कर पूरे सभागार को आंनदित किया।सात दिवसीय राघवोत्सव के शुभारम्भ के पश्चात् प्रथम दिवस पर अनेक खेलकूद प्रतियोगिताएं (कबड्डी ,वालीबाल, क्रिकेट , रस्साकशी , टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेस, कैरम एवं एथलेटिक्स) जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। डॉ. अजय माथुर विभागाध्यक्ष–कम्प्यूटर विभाग ने समस्त उपस्थित अतिथियों, समस्त विभागाध्यक्षों, समस्त खेल–कूद प्रभारियों, समस्त निर्णायकगणों कर्मचारियों व छात्रों को इस समारोह के सफल व सौदर्यपूर्ण वातावरण में सम्पन्न किये जाने हेतु बधाई दी व अपने अतःस्थलतल की गहराईयों से आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

# राघवोत्सव : सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिता आयोजित

**नवज्योति/जोधपुर** । राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में राघवोत्सव का समापन शहर विधायक अतुल भंसाली के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर भंसाली ने कहा कि राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जोधपुर में स्टेट ऑफ आर्ट के तहत छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए स्किल डेवलपमेंट और सेल्फ एम्प्लॉयमेंट के पाठ्यक्रम प्रारंभ कर महाविद्यालय को राजस्थान का सबसे बड़ा सेंटर बनाने के प्रयास किए जाने चाहिए। ताकि पश्चिमी राजस्थान के छात्रों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने संस्था प्रधान अंशु कुमार सहगल सहित समस्त अधिकारियों एवं



छात्रों को आश्वासन दिया कि इसके लिए वे स्वयं इसके लिए प्रयास करेंगे। इसके पश्चात भंसाली ने क्रिकेट मैच व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संस्थान के लगभग 650 छात्र-छात्राएं व अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर सहगल ने सभी प्रतिभागियों को भगवान श्रीराम के उत्कृष्ठ व मर्यादा पुरूषोत्तम चरित्र को अपने जीवन में अपनाए। संचालन डॉ. शालिनी गर्ग ने किया। टीआर राठौड़ ने श्रीरामचरित मानस की उत्कृष्ट चौपाईयों का गायन कर सभी को अभिभूत कर दिया। वरिष्ठप्रवक्ता मुरलीधर वर्मा ने राम आएंगे.., राम आएंगे.. का भजन प्रस्तुत किया। सात दिवसीय राघवोत्सव के पहले दिन कबड्डी,वालीबॉल, क्रिकेट, रस्साकशी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेस, कैरम एवं एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

# राघवोत्सव 2024 में विद्यार्थी दिखा रहे खेल प्रतिभा

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com



खेलकूद प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

**जोधपुर.** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में राघवोत्सव 2024 कार्यक्रम के तहत खेलकूद प्रतियोगिताएं चल रही है। कार्यक्रम के प्रथम व द्वितीय दिवस में खेली गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभिन्न विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

क्रिकेट के प्रभारी पुष्पेंद्र चौधरी व चंद्रेश शर्मा ने बताया कि प्रथम मैच में इलेक्ट्रिकल बनाम मैकेनिक के मुकाबले में इलेक्ट्रिकल टीम विजेता और द्वितीय मैच में मंडोर बनाम कंप्यूटर साइंस में मंडोर विजेता रही। वॉलीबॉल के प्रभारी शांतनु चौधरी ने बताया प्रथम मैच में पेट्रोलियम बनाम मंडोर के बीच हुए मुकाबले में पेट्रोलियम टीम विजेता रही। वहीं द्वितीय मैच में मैकेनिकल बनाम इलेक्ट्रॉनिक्स में इलेक्ट्रॉनिक विजेता और तृतीय मैच में इलेक्ट्रिकल बनाम कंप्यूटर साइंस में इलेक्ट्रिकल टीम विजेता रही। खो-खो खेल प्रभारी प्रेमाराम चौधरी ने बताया प्रथम मैच में इलेक्ट्रॉनिक फाइबर बनाम कंप्यूटर साइंस के बीच हुए मुकाबले में इलेक्ट्रॉनिक टीम विजेता रही। वहीं द्वितीय मैच में मंडोर बनाम पेट्रोलियम में मंडोर विजेता और तृतीय मैच में सिविल बनाम मैकेनिकल में सिविल टीम विजेता रही। शतरंज खेल के प्रभारी डॉ. मुरलीधर वर्मा ने बताया कि शतरंज (पुरुष) फाइनल में सुरेन्द्र सिंह भाटी (इलेक्ट्रिकल विजेता) व तुषार गोयल (कम्प्यूटर साइंस उपविजेता रहे एवं शतरंज (महिला) फाइनल में जया माहेश्वरी (कम्प्यूटर साइंस विजेता) व पूर्ति सिंह (इलेक्ट्रीकल) उप विजेता रहे। नवीन सांखला ने बताया कि कैरम प्रतियोगिता (पुरुष) के विजेता करण प्रजापत व उपविजेता देव भाटी रहे व कैरम(महिला) प्रतियोगिता में पूर्तिसिंह विजेता व निशीता भाटी उप विजेता रही।











## राघवोत्सव में हुए क्रिकेट व शतरंज के रोचक मुकाबले

**जोधपुर|** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में चल रहे राघवोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। क्रिकेट प्रभारी पुष्पेंद्र चौधरी व चंद्रेश शर्मा ने बताया कि पहले मैच में इलेक्ट्रिकल व मैकेनिक को हराया व दूसरे मैच में मंडोर ने कंप्यूटर साइंस को हरा दिया। वॉलीबाल प्रभारी शांतनु चौधरी ने बताया कि पेट्रोलियम, इलेक्ट्रिकल व पेट्रोलियम ने अपने-अपने मैच जीते। कबड्डी के प्रभारी राजेश विश्नोई के अनुसार सिविल ने मंडोर को, इलेक्ट्रिकल ने इलेक्ट्रॉनिक को व पेट्रोलियम ने कंप्यूटर साइंस को हरा दिया। खो-खो में प्रेमाराम चौधरी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक फाइबर ने कंप्यूटर साइंस को, मंडोर ने पेट्रोलियम टीम को व सिविल ने मैकेनिकल को हरा दिया। शतरंज खेल प्रभारी डॉ. मुरलीधर वर्मा के अनुसार पुरूष वर्ग के फाइनल में सुरेंद्रसिंह भाटी विजेता व तुषार गोयल उपविजेता रहे। महिला वर्ग के फाइनल मे जया माहेश्वरी विजेता व पूर्तिसिंह उप विजेता रहे। कैरम पुरूष वर्ग के विजेता करण प्रजापत व उप विजेता देव भाटी रहे। महिला वर्ग में पूर्तिसिंह विजेता व निशिता भाटी उप विजेता रही।






कॉलेज परिसर को रैगिंग मुक्त बनायें।
धूम्रपान रहित क्षेत्र, यहाँ धूम्रपान करना एक अपराध है।
राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर
राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयन्ती
के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम
कैरियर काउन्सलिंग एवं गाइडेन्स
विस्तार व्याख्यान
स्वच्छता अभियान
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
सद्भावना एवं जागृति रैली
सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी
NOTICE


श्री राम


राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर
राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय
राघवोत्सव
2024
खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम









# 'राघवोत्सव' खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**जोधपुर/नवज्योति।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर में विगत 20/02/2024 से चल रहे खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान के लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, रस्सा.कस्सी, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम व एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर, 800 मीटर, भाला फेंक, गोला फेंक, तश्तरी फेंक इत्यादि के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल गायन, समूह गायन, एकल एवं समूल नृत्य, रंगोली पोस्टर, लघु नाट्य अन्ताक्षरी, रामायण आधारित प्रश्न मंच, महा पुरूषों की जीवनी, भाषण इत्यादि में लगभग 250 विजेता व उप विजेता को स्मृति चिन्ह, मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस भव्य समापन समारोह में राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत मुख्य अतिथि व देवेन्द्र जोशी विधायक सूरसागर, महेन्द्र मेघवाल जिला मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

